19U262A (Pages: 2) Name: …………..………….

Reg. No: …………………...

SECOND SEMESTER B.Voc. DEGREE EXAMINATION, APRIL 2020

(CUCBCSS – UG)

CC16U HN2 A08(3)/ CC18U GEC2 HD05 – POETRY AND SHORT STORIES

(Common Course: Hindi - For Other Pattern)

(2018 Admission: Supplementary)

Time: Three Hours Maximum: 80 Marks

I. 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए ।

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए ।

1. कबीर के गुरु का नाम क्या है ?
   (वल्लभाचार्य, रामानंद, रामानुज, रैदास)
2. गोपियों के ऊपर कौन-सी ऋतु रहती है ?
   (ग्रीष्म, शरद, वर्षा, वसंत)
3. 'सुकुमार कवि' के नाम से कौन जाने जाते हैं ?
   (निराला, पंत, बच्चन, धर्मवीर भारती)
4. 'गनेशी' किस कहानी का पात्र है ?
   (कफ़न, परदा, वापसी, चीफ़ की दावत)
5. 'तमस' किसका प्रसिद्ध उपन्यास है ?
   (प्रेमचंद, यशपाल, उषा प्रियंवदा, भीष्म साहनी)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए ।

6. विष्णुजी किसकी परीक्षा करते हैं ?
7. 'टूटा पहिया' कविता का आधार-ग्रंथ कौन है ?
8. 'वसीयत' में कवि अपना मुँह किसको देना चाहते हैं ?
9. पीरबख्श किस कहानी का पात्र है ?
10. गजाधर बाबू कहाँ की नौकरी से रिटायर हो गए ?

(10 x 1 = 10 Marks)

II. किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

11. कबीर की राय में सच्चा पंडित कौन है ?
12. सूरदास की राय में कृष्ण की कृपा से लंगडा क्या कर सकता है ?
13. ग्रामवधू का रोना सुनकर यात्रियों को कौन-सी शंका होती है ?

14. माँ का बच्चे को दूध पिलाना क्यों अपराध मान लिया जाता है ?
15. आकाश किस घटना पर शोक नहीं मनाता है ?
16. नारद क्यों लज्जित हुए ?
17. चोटी बढने केलिए यशोदा कृष्ण को कौन-सा उपदेश देती है ?
18. घीसू क्यों कहता है कि बुधिया ज़रूर वैकुंठ जाएगी ?
19. चौधरी साहब ने गरीबी से मुक्त होने केलिए क्या-क्या किया ?
20. गजाधर बाबू की शिकायतें क्या-क्या थीं ?
21. चीफ बूढी माँ से क्यों खुश हुए ?
22. घीसू और माधव क्यों सस्ता कफन खरीदना चाहते हैं ?

(2 x 10 = 20 Marks)

III. किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए ।

23. सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

पानी केरा बुदबुदा, अस मानुस की जाति ।
देखत ही छिप जायंगे, ज्यौं तारे परभाति ।।

24. सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

मृदु मिट्टी के हैं बने हुए
मधुघट फूटा ही करते हैं,
लघु जीवन लेकर आए हैं
प्याले टूटा ही करते हैं ।

25. ‘टूटा पहिया’ कविता के प्रतीकार्थ को समझाइए ।
26. शामनाथ का चरित्र-चित्रण कीजिए ।
27. ‘कफन’ में चित्रित दलित-संवेदना का परिचय दीजिए ।
28. ‘वापसी’ कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

(4 x 5 = 20 Marks)

IV. किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए ।

29. ‘प्रियतम’ कविता का सारांश संक्षेप में लिखकर उस कविता के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।
30. ‘परदा’ कहानी में चित्रित कटु यथार्थ को समझाइए ।
31. वर्तमान समय और समाज की भयावहता को अरुण कमल ने किस प्रकार प्रस्तुत किया है ?

(2 x 15 = 30 Marks)

****